वैदिक वीरांगना दल

कार्यालय : “अनामिका” बी-123, मालवीय नगर, जयपुर।

सादर प्रकाशनार्थ

दिनांक : 16 जून, 2015

राजस्थान के दो सौ से अधिक आर्य युवक-युवतियों को दी कमांडो ट्रेनिंग

वैदिक वीरांगना दल ने लगाया सात दिवसीय आवासीय शिविर

जयपुर। वैदिक वीरांगना दल की राजस्थान शाखा द्वारा जयपुर में सम्पूर्ण राजस्थान के आर्य युवक-युवतियों का व्यक्तित्व विकास, आत्मरक्षा एवं ध्यानोपासना शिविर लगाया गया। सात दिवसीय आवासीय शिविर में शिविरार्थियों के लिए आवास, दोनों समय भोजन, दूध, फल, नाश्ता आदि की समस्त व्यवस्थाएं पूर्णतः निःशुल्क थी।

वैदिक वीरांगना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनामिका शर्मा ने बताया कि सम्पूर्ण राजस्थान से दो सौ से अधिक युवक-युवतियों ने इस शिविर में भाग लिया। शिविरार्थियों को प्रतिदिन सुबह 4 बजे स रात 10 बजे तक विभिन्न सत्रों में ध्यानोपासना, योग, कराटे, मार्शल आर्ट, लाठी संचालन, तलवार संचालन एवं कमांडो ट्रेनिंग दी गई व पर्सनेलिटी डवलपमेंट के विभिन्न गुर सिखाए गए। शिविरार्थियों को विभिन्न क्षैत्र के विद्वानों द्वारा वेद, दर्शन, उपनिषद से लेकर आधुनिक वैज्ञानिक जगत का ज्ञान कराया गया। धर्म एवं संस्कृति की व्यवहारिक शिक्षा वैदिक विद्वानों द्वारा दी गई।

इस शिविर में राजस्थान के प्रसिद्ध उद्योगपति, नेता, अधिकारी, समाजसेवी, साहित्यकार, कानूनविद् व ब्यूरोक्रेट्स को भी आमंत्रित किया गया। मालवीय नगर के विशाल अग्रसेन भवन में आयोजित इस शिविर के दौरान प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें शिविरार्थियों न वैदिक जय-घोष से सम्पूर्ण क्षैत्र को गुंजायमान कर दिया। हरियाणा, दिल्ली व उत्तरप्रदेश से आए प्रशिक्षित कमांडो ने शिविरार्थियों को उच्च स्तरीय कमांडो ट्रेनिंग दी।

वैदिक वीरांगना दल की संरक्षिका श्रीमती दुर्गा शर्मा ने बताया कि अगले वर्ष यह शिविर राष्ट्रीय स्तर का लगाया जाएगा और देश के हर प्रांत से एक दर्जन युवक-युवतियों को पशिक्षित किया जाएगा ताकि वे अपने प्रांत में जाकर वैदिक धर्म के प्रचार-प्रसार का नेतृत्व कर सकें।

प्रति,
सम्माननीय सम्पादक जी
आर्य सन्देश

अनामिका शर्मा
राष्ट्रीय अध्यक्ष
मोबाइल : 9829665231